मेरे सर पर रखदो बाबा,
अपने ये दोनों हाथ,
देना हो तो दीजिए,
जनम जनम का साथ।।

देने वाले श्याम प्रभु तो,
धन और दौलत क्या मांगे,
श्याम प्रभु से मांगे तो फिर,
नाम और इज्ज़त क्या मांगे
मेरे जीवन में तू कर दे,
बाबा कृपा की बरसात,

देना हो तो दीजिए,
जनम जनम का साथ।।

श्याम तेरे चरणों की धूल तो,
धन दौलत से महंगी है,
एक नज़र कृपा की बाबा,
नाम इज्ज़त से महंगी है,
मेरे दिल की तम्मना यही है,
करूँ सेवा तेरी दिन रात,

झुलस रहे है गम की धुप में,
प्यार की छैया कर दे तू
बिन माझी के नाव चले ना,
अब पतवार पकड़ ले तू,
मेरा रस्ता रौशन कर दे,
छायी अंधियारी रात,
देना हो तो दीजिए,
जनम जनम का साथ।।

सुना है हमने शरणागत को,
अपने गले लगाते हो,
ऐसा हमने क्या माँगा जो,
देने से घबराते हो,
चाहे जैसे रख बनवारी,
बस होती रहे मुलाकात,
देना हो तो दीजिए,
जनम जनम का साथ।।

मेरे सर पर रखदो बाबा,
अपने ये दोनों हाथ,
देना हो तो दीजिए,
जनम जनम का साथ।।